संख्या-324606/XXIV-C-4/2025-19(07)/2025 E-68242

प्रेषक,

ब्योमकेश दूबे,
उप सचिव,
उत्तराखण्ड शासन।

सेवा में,

1—कुलसचिव,
समस्त राज्याधीन विश्वविद्यालय,
उत्तराखण्ड।

2—प्रभारी निदेशक,
उच्च शिक्षा विभाग, उत्तराखण्ड,
हल्द्वानी, नैनीताल।

उच्च शिक्षा अनुभाग—4 देहरादून : दिनांक 27 अगस्त, 2025

विषय— जन—सामान्य में सूचना का अधिकार अधिनियम के बारे में समझ की वृद्धि करने के लिए विद्यालयों, महाविद्यालयों और विश्वविद्यालयों में डिबेट/निबन्ध प्रतियोगिता/कला प्रतियोगिता/नुक्कड़ नाटक के आयोजन के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक मुख्य सूचना आयुक्त, उत्तराखण्ड सूचना आयोग, देहरादून के पत्रांक 9982/उ0सू0आ0/2025—26, दिनांक 05.08.2025 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके माध्यम से अवगत कराया गया है कि सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 के व्यापक प्रचार—प्रसार हेतु प्रतिवर्ष दिनांक 05 से 12 अक्टूबर को आर0टी0आई0 वीक का आयोजन किया जाता है। इस हेतु नागरिकों के मध्य सूचना का अधिकार अधिनियम के सम्बन्ध में सीमित वित्तीय संशोधनों के अधीन रहते हुए प्रभावी रूप से समझ की वृद्धि करने हेतु विश्वविद्यालयों/महाविद्यालयों में अध्ययनरत छात्रों के मध्य जागरूकता बढ़ाये जाने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष दिनांक 05 से 12 अक्टूबर मध्य आर0टी0आई0 वीक के रूप में महाविद्यालयों और विश्वविद्यालयों में डिबेट/निबन्ध प्रतियोगिता/कला प्रतियोगिता/नुक्कड़ नाटक आयोजित किए जाने की अपेक्षा की गयी है। साथ ही उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों को आयोग की ओर से सम्मानित किया जा सके, इस हेतु आयोजित किए जाने वाले ऐसे कार्यक्रमों की सूचना यथा कार्यक्रम में प्रतिभाग करने वाले प्रतिभागियों की संख्या, कार्यक्रम की तिथि, आयोजन स्थल, आयोजक का नाम, पदनाम, कार्यालय का पता, कार्यक्रम के फोटोग्राफ इत्यादि उत्तराखण्ड सूचना आयोग

Scanned with CamScanner

को ई–मेल secy-uic@gov.in के माध्यम से उपलब्ध कराए जाने की अपेक्षा की गयी है।

अतः इस सम्बन्ध में मुख्य सूचना आयुक्त, उत्तराखण्ड सूचना आयोग के पत्र दिनांक 05.08.2025 की प्रति संलग्न कर प्रेषित करते हुए मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि पत्र की गयी अपेक्षानुसार समस्त विश्वविद्यालय/महाविद्यालयों में दिनांक 05 से 12 अक्टूबर मध्य आर0टी0आई0 वीक आयोजित करते हुए कार्यक्रम की सूचना उत्तराखण्ड सूचना आयोग की ई–मेल secy-uic@gov.in पर प्रेषित करने का कष्ट करें।

संलग्नक–यथोक्त।

Digitally signed by BYOMKESH DUBEY
Date: 23-08-2025 13:45:46

भवदीय,

(ब्योमकेश दूबे)
उप सचिव

Scanned with CamScanner